भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

28 जनवरी - 3 फरवरी 2026

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

माघ, पक्ष - शुक्ल, तिथि - दशमी , संवत 2082 पृष्ठ : 8 जयपुर, बुधवार वर्ष-11, अंक-48, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- jagrukjanta.net



## भावना और मन में नहीं चेतना में रहिए

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**मनुष्य** भावना और मन के वश में है। चेतना होते हुए भी उसे जागृत करना पड़ता है। सुख-दुःख की कल्पना, परिकल्पना हम भावना और मन में केन्द्रीत व्यवस्थाओं के अनुरूप कर लेते हैं। किन्तु चेतन होने पर ये सब मिथ्या साबित होते हैं। मानवीय व्यवस्था का सबसे बडा भ्रम यही है कि वह खुद को वही मान लेता है जो बदलता रहता है- शरीर, भावनाएं, विचार। और जब बदलने वाली चीजों को हम अपनी पहचान मान लेते हैं, तो दुःख बन जाता है हमारी नियति। पर सच यह है कि हम शरीर नहीं हैं, मन नहीं हैं, भावनाएं नहीं हैं। हम वह चेतना हैं जो इन सबको देख रही है। इस बात को मानना आसान नहीं। इसे समझने के लिए उदाहरणों की जरूरत है। सबसे पहला उदाहरण- फिल्म का पर्दा। जब आप सिनेमाघर में बैठकर फिल्म देखते हैं, तो पर्दे पर कभी युद्ध होता है, कभी प्रेम, कभी हंसी, कभी दुःख। पर क्या पर्दा जलता है? क्या पर्दा रोता या हंसता है? नहीं। पर्दा केवल देखने का आधार है। उसी तरह हमारे भीतर की चेतना पर्दे की तरह है। भावनाएं और विचार फिल्म की तरह आते-जाते हैं। पर हम उनसे जख्मी तभी होते हैं जब हम खुद को फिल्म समझ लेते हैं, पर्दा नहीं।दूसरा उदाहरण है नीला आकाश। आकाश पर बादल आते हैं, काले भी, सफेद भी। तूफान भी आता है, इंद्रधनुष भी। पर आकाश पर कोई असर नहीं होता। क्या आकाश कभी कहता है कि मैं दुखी हूं, क्योंकि बादल काले हैं? नहीं। उसी तरह चेतना पर कोई भाव स्थायी छाप नहीं छोड़ता। दुःख बादल है, आप आकाश हैं। तीसरा उदाहरण है घर के भीतर का स्पेस और बाहर का आकाश। जब हम एक घर बनाते हैं, तो दीवारों के भीतर भी स्पेस रहता है और बाहर भी। दोनों स्पेस एक ही होते हैं। अंतर सिर्फ इतना है कि एक सीमित लगता है और दूसरा असीम। हमारे शरीर के भीतर की चेतना उसी कमरे के स्पेस की तरह है। कमरे को तोड़ दो तो कमरे के भीतर का स्पेस बाहर के स्पेस से मिल जाता हे। वैसे ही जब मृत्यु होती है तब शरीर के भीतर की चेतना उसी असीम चेतना में मिल जाती है जिससे वह आई थी। इसलिए मृत्यु अंत नहीं, परिवर्तन है। अब इसका व्यावहारिक मतलब क्या है? यदि हम चेतना हैं, तो दुख क्यों होता है? दुःख इसलिए होता है क्योंकि हम अपने भीतर उठने वाली हर भावना को 'मैं' कहकर पकड़ लेते हैं। यदि गुस्सा आता है, तो हम कहते हैं -"मैं गुस्से में हूं।" यदि दुख उठता है, तो कहते हैं-"मैं दुखी हूं।" लेकिन सच यह है कि गुस्सा आया है, पर मैं गुस्सा नहीं हूं। दुःख आया है, पर मैं दुःखी नहीं हूं। जैसे समुद्र पर लहरें उठती हैं पर समुद्र लहर नहीं बन जाता, वैसे ही चेतना भावनाएं होकर भी भावनाओं में नहीं बदलती। हम दुःख से तभी निकल सकते हैं जब हम भीतर से यह पहचानने लगें कि हम चेतना में है।

## भारत दुनिया का सबसे समृद्ध लोकतंत्र

मुख्यमंत्री ने 77वें गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री निवास पर फहराया तिरंगा



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री निवास पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। मुख्यमंत्री को कंपनी कमांडर राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में आर.ए.सी. की टुकड़ी ने सलामी दी। शर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि हमारा देश दुनिया का सबसे समृद्ध लोकतंत्र है तथा हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए हमारे महापुरूषों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया और उन्हीं के बलिदान और त्याग के कारण आज हम सब लोकतंत्र की खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधानसभा बजट सत्र आज से

## सदन और आसन की गरिमा को बनाये रखे- देवनानी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सोलहवी राजस्थान विधान सभा के पंचम सत्र की बैठक बुधवार 28 जनवरी से प्रारम्भ होगी। इससे पहले मंगलवार को विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में विधान सभा में सर्वदलीय बैठक सम्पन्न हुई। सर्वदलीय बैठक में सदन शांतिपूर्वक चलने और सभी सदस्यों द्वारा सम्मानजनक व गरिमा बनाये रखने वाले शब्दों का उपयोग किये जाने पर सहमति व्यक्त की गई। पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों ने अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि पक्ष व प्रतिपक्ष के सदस्य सदन में मर्यादापूर्ण व्यवहार से अपनी बात रखेंगे।

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सदन में सार्थक चर्चा होनी चाहिए। सभी सदस्यों को बोलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदन और आसन की गरिमा सभी सदस्य बनाये रखें। सभी दलों के सभी सदस्य सकारात्मक सोच के साथ सदन को चलाए। उन्होंने कहा कि सदन को चलाने की जिम्मेदारी सोलहवीं विधान सभा के सभी पक्ष एवं प्रतिपक्ष सदस्यों की है। देवनानी ने कहा कि यह सदन जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने का पवित्र स्थल है। इस स्थल की गरिमा को बनाएं रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी। इसके लिए यदि सदन को देर तक चलाने की आवश्यकता होगी तो सदन को देर तक चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि समस्याओं का हल बातचीत से होता है। सदन में समस्याओं के निस्तारण का प्रयास होगा। यहां पर सदस्यों की बार्ता को गम्भीरता से लिया जायेगा, उनके द्वारा उठाई गई समस्याओं का निस्तारण भी कराया जायेगा। देवनानी ने सभी दलों से अपील की है कि सदन में गरिमा में रहकर मुद्दे उठायें जाए। सभी सदस्य सदन में मर्यादा में रहकर अपनी बात रखें। देवनानी ने कहा कि पिछले सत्रों के 96 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब राजस्थान विधानसभा को प्राप्त हो गये है।

## भारत ने यूरोपीय संघ के साथ इतिहास का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता किया-मोदी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता किया है जो साझा समृद्धि का प्रारूप है। मोदी ने मंगलवार को यहां यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन के साथ 16 वें भारत- ई यू शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है जब विश्व की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्तियां अपने संबंधों में निर्णायक अध्याय जोड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत और यूरोपीय संघ के संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक समन्वय और मजबूत जन संपर्क के आधार पर हमारी साझेदारी नई ऊंचाइयों तक पहुंच रही है और इसी को आगे बढाते हुए भारत ने आज अपने इतिहास का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता किया है। उन्होंने कहा, " आज भारत ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और ये सुखद संयोग है कि आज ही के दिन,यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये मुक्त व्यापार समझौता कर रहा है। यह सिर्फ व्यापार समझौता नहीं है। यह साझा समृद्धि का नया खाका है।" मोदी ने कहा कि भारत और संघ का सहयोग विश्व की बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी है। उन्होंने कहा कि दोनों देश वैश्विक संस्थाओं में सुधारों के पक्षधर हैं और इन्हें जरूरी मानते हैं। उन्होंने कहा, "बहुपक्षवाद और अंतर्राष्ट्रीय नियमों का सम्मान हमारी साझा प्राथमिकता है।







राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.net | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-3587886

सम्पर्क करें विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@gmail.com



# जन गण मन

## कर्तव्य पथ पर दुनिया ने देखी ताकत

**विकास का संकल्प** पीएम मोदी ने राजस्थानी शैली के सुनहरे रंग की मोर पंख की आकृति की कढ़ाई वाला गहरे मरून रंग का साफा पहना। पीएम ने कहा, विकसित भारत का संकल्प और अधिक सुदृढ़ हो, यही कामना है।





**ऑपरेशन सिंदूर** के दौरान इस्तेमाल की गई मिसाइलों का प्रदर्शन और गरजे फाइटर जेट।



**एयर पावर शो** दो राफेल, दो MiG-29, दो सुखोई और एक जगुआर जेट ने 'ऑपरेशन सिंदूर' फॉर्मेशन में फ्लाईपास्ट किया।



दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 77वें गणतंत्र दिवस की सुबह देशभक्ति के रंगों से खिल उठी। संस्कृति की खुशबू, विकास की रफ्तार और सैन्य ताकत की गूंज एक साथ नजर आई। 'ऑपरेशन सिंदूर' में इस्तेमाल हथियारों से लेकर स्वदेशी मिसाइलों और टैंकों तक भारत की शक्ति का भव्य प्रदर्शन हुआ। यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपियन कमीशन (EU) की चीफ उर्सुला वॉन डेर लेयेन चीफ गेस्ट रहे। आसमान में फाइटर जेट राफेल, सुखोई, मिग-29 और जगुआर ने गर्व का संदेश दिया। झांकियों में 'वंदे मातरम्' के 150 साल और आत्मनिर्भर भारत की कहानी सजी दिखाई दी।

**'जंगल वॉरियर'** फॉर्मेशन में परेड के दौरान CRPF की टीम ने स्टंट किया।



**भैरव बटालियन** एक नई विशेष हमलावर इन्फैंट्री यूनिट है, परेड में सबका ध्यान खीचा।



**साझेदारी की ताकत** पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा, यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और EU चीफ उर्सुला की उपस्थिति भारत-EU साझेदारी की बढ़ती ताकत और साझा मूल्यों को दिखाती है।

### 'चीफ गेस्ट बनना बड़ा सम्मान'

चीफ गेस्ट बनना ज़िंदगी का सबसे बड़ा सम्मान है। एक सफल भारत दुनिया को ज्यादा स्थिर, खुशहाल और सुरक्षित बनाता है और हम सभी को फायदा होता है। -उर्सुला वॉन डेर लेयेन, EU चीफ

### अमेरिका का ऐतिहासिक नाता

अमेरिका और भारत दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते एक ऐतिहासिक बंधन साझा करते हैं। भारत सरकार और लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई। -डॉनल्ड ट्रंप, US राष्ट्रपति





**शक्ति की कमान...** CRPF की सहायक कमांडेंट सिमरन बाला ने परेड के दौरान अर्द्धसैनिक बल की पुरुषकर्मियों की टुकड़ी का नेतृत्व कर इतिहास रचा। वह जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले से है।

## एनआईए में देशभक्ति के रंग में रंगा गणतंत्र दिवस समारोह



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने ध्वजारोहण कर पूर्व सैन्यकर्मियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों की परेड की सलामी ली। समारोह में एनएसएस टीम द्वारा परेड एवं साइकिल रैली का आयोजन किया गया। भावी आयुर्वेद चिकित्सकों ने योग प्रदर्शन कर स्वस्थ जीवन एवं अनुशासित दिनचर्या का संदेश दिया। संस्थान के चिकित्सकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं पूर्व सैनिकों द्वारा देशभक्ति गीत, कविता पाठ, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। जलियांवाला बाग की ऐतिहासिक घटना के मंचन ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इस मौके पर संस्थान स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 फरवरी को आयोजित होने वाले स्वर्ण जयंती समारोह एवं 5 फरवरी से प्रस्तावित शल्यकोन 2026 का पोस्टर विमोचन किया गया। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि "देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर ही हम राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश को अपना संविधान मिला जो कि इस देश की आत्मा है। आयुर्वेद और शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में संस्थान निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रम के अतिथि संस्थान के पूर्व यूजी डीन प्रो. ओमप्रकाश दाधीच ने संविधान के महत्व पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर संजय अग्रवाल एवं संचालन प्रोफेसर महेंद्र प्रजापति एवं डॉक्टर पुनीत चतुर्वेदी ने किया।

## 77वें गणतंत्र दिवस पर प्रेस क्लब में झण्डारोहण



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** 77वें गणतंत्रता दिवस पर पिंकसिटी प्रेस क्लब में अध्यक्ष मुकेश मीणा की अध्यक्षता में प्रातः 11.30 बजे झण्डारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्थापक सदस्य प्रवीण चन्द छाबड़ा ने देश की आजादी पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकारों के बच्चों की उच्च शिक्षा सुविधा एवं विषम परिस्थिति में पत्रकारों के लिए विशेष कोष की स्थापना होने पर बल दिया। उन्होनें कहा कि वर्तमान प्रबन्ध कार्यकारिणी क्लब के बेहतर संचालन एवं पत्रकार हित में कार्य कर रही है। क्लब महासचिव ने मुकेश चौधरी ने बताया कि 77वें गणतंत्र दिवस महोत्सव पर क्लब सदस्यों ने राष्ट्रगान एवं देशभक्ति गीतों से राष्ट्रीय त्यौहार मनाया। क्लब कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष एल.एल. शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार उपस्थित रहे।

## राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स में संपन्न हुआ ऑपरेशन सिंदूर रक्षक सम्मान और विराट कवि सम्मेलन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षित शक्ति की ओर से भारतीय सैनिकों का सम्मान व विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसे कवि अमित आजाद और नवीन कानूनगो के द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में देश के सबसे शिक्षित सैनिक दशरथ सिंह शेखावत की उपस्थित रही,विशिष्ट अतिथि में राजस्थान स्वास्थ्य योग परिषद के अध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल, आकाशवाणी से सीनियर अनाउंसर गोपाल लखन, नारायणा हॉस्पिटल से डॉक्टर प्रीति अग्रवाल एवं जितेंद्र की उपस्थित रही। कवियों में वरिष्ठ कवि गोविंद भारद्वाज,वेद दाधीच ने देशभक्ति रचनाएं पढ़ी , दूदू से आए शायर महबूब अली महबूब ने सैनिकों की रचना पढ़कर सभी को मंत्र मुग्ध किया,कवियत्री ऊषा दास और मीनाक्षी पारीक ने देशभक्ति कविताओं से सैनिकों को रोमांचित किया,साथ ही कवि सम्मेलन का संचालन युवा कवियत्री ऋतु भारद्वाज ने बड़ी खूबसूरती से किया। नारायणा हॉस्पिटल से आई डॉक्टर प्रीति अग्रवाल (कैंसर स्पेशलिस्ट) ने कैंसर से संबंधित सैनिकों के प्रश्नों का उत्तर दिया और कैंसर से बचाव की जानकारियां दी। आयोजन के साथ अमित आजाद ने देशभक्ति रचनाएं सुनाकर सैनिकों में रोमांच भर दिया तो नवीन कानूनगो ने अपने शानदार संयोजन के साथ देशभक्ति और शिव आराधना पढ़कर सैनिकों में जोश पैदा कर दिया।



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शासन सचिवालय में फहराया राष्ट्रध्वज

# राज्य सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

### कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना कार्मिकों का दायित्व

### कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित होगी कमेटी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के बाद हमें आजादी मिली और भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा रचित हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संविधान में निहित लोक कल्याण की भावना को धरातल पर उतार रही है और उनके मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग के उत्थान एवं सशक्तीकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना कार्मिकों का दायित्व है और राज्य सरकार उनके हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शर्मा गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ की ओर से शासन सचिवालय में 77वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### राज्य सरकार युवाओं में कौशल विकास और उद्यमिता को दे रही बढ़ावा

शर्मा ने कहा कि निजी क्षेत्र में भी करीब ढाई लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया गया है। हमने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश एमओयू किए, जिनमें से 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव धरातल पर आ चुके हैं। इनसे युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 71 नए राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना की गई है। उनके सर्वांगीण विकास के लिए राजस्थान युवा नीति और रोजगार नीति लागू की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा रोजगार चाहने वाला ही नहीं बल्कि रोजगार देने वाला भी बने, इसके लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं को ब्याज-मुक्त ऋण प्रदान करके उद्यमिता की ओर प्रेरित करना है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 3 लाख 37 हजार से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है और करीब 2 लाख युवाओं को इंटर्नशिप करवाई गई है। इसके साथ ही 65 आई स्टार्टअप लॉन्चपैड नेस्ट स्थापित किए गए हैं। 658 स्टार्टअप्स को करीब साढ़े 22 करोड़ की सहायता प्रदान की गई है।



### कर्मचारी कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य कर्मचारी सरकार और जनता के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं जो कल्याणकारी योजनाओं और निर्णयों को त्वरित गति से जनता तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित करते हैं। उन्होंने कहा कि शासन सचिवालय में रिक्त लिपिक ग्रेड-द्वितीय के 584 एवं शीघ्रलिपिक के 194 पदों पर भर्ती के क्रम में 557 अभ्यर्थियो ने लिपिक ग्रेड द्वितीय के पद पर कार्यग्रहण कर लिया है एवं शेष पदों पर नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। शीघ्रलिपिक भर्ती परीक्षा 2024 का परिणाम जारी किया जा चुका है एवं दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपात्मक नियुक्ति के 73 प्रकरणों में शिथिलन प्रदान किया है। आश्रितों के लिए आवेदन करने की समय सीमा भी 90 से बढ़ाकर 180 दिन की है। इससे मृतक कार्मिक के आश्रितों को आवेदन करने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर सरकार सकारात्मक कदम उठाएगी।

### 1 लाख युवाओं को दी सरकारी नियुक्तियां

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि युवा देश और प्रदेश का भविष्य है, इसलिए राज्य सरकार उन्हें शिक्षण, प्रशिक्षण और रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध करा रही है। हमारी सरकार ने अब तक 1 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां दी है, साथ ही 1 लाख 54 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के लिए भी एक लाख भर्तियों का कैलेंडर जारी किया जा चुका है। इस प्रकार हम भर्तियों के साढ़े तीन लाख के आंकड़े को पार कर चुके हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार 5 साल में 4 लाख सरकारी भर्तियों के लक्ष्य को हासिल करेगी।

### कार्मिकों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए बनेगी कमेटी

*मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों के कैडर संबंधी समस्याओं और विसंगतियों के समाधान के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई जाएगी जो विसंगतियों का समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि कार्मिकों की कार्यकुशलता और दक्षता को बढ़ाने के लिए सचिव, कार्मिक की अध्यक्षता में भी एक कमेटी का गठन किया जाएगा जो कार्य संबंधी सुविधाओं के बारे में अनुशंषा करेगी। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजकाज, आई-गॉट कर्मयोगी के माध्यम से 7.5 लाख कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही, ई-ऑफिस ऐनालिटिक्स के तहत औसतन 5 से 6 घण्टे में फाइलों का निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी कल्याण के लिए समयबद्ध पदोन्नति, वेतन वृद्धि जैसे निर्णय किए जा रहे हैं। आमजन के जीवन में सरलीकरण के लिए सुशासन के माध्यम से निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर शासन सचिव कार्मिक अर्चना सिंह, राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कजोड़ मल मीणा सहित विभिन्न कर्मचारी संघों के पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी तथा सचिवालय सेवा के कार्मिक उपस्थित थे।*




### विधानसभा में राज्यपाल का अभिभाषण बुधवार को प्रातः 11 बजे

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे बुधवार, 28 जनवरी को प्रातः 11 बजे सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के सत्र में अभिभाषण देंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मुख्य सचिव वी श्रीनिवास और विधानसभा के प्रमुख सचिव विधानसभा पहुँचने पर राज्यपाल बागडे का स्वागत करेंगे।

### जयपुर में कोग्निवेरा पोलो कप 2026 का शुभारंभ

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर में कोग्निवेरा पोलो कप 2026 ( आठ गोल) की मंगलवार को शुरुआत हुई। अभिनेत्री एवं फिटनेस आइकन मलाइका अरोड़ा सहित कई गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में जयपुर के राजस्थान पोलो क्लब में उद्घाटन समारोह के साथ इसका शुभारंभ हुआ। इसके एक हफ्ते तक पोलो मुकाबले होंगे। यह टूर्नामेंट एक फरवरी को होने वाले फाइनल मुकाबले के साथ समाप्त होगा। हाल में भारत और अर्जेंटीना के बीच संपन्न हुए कोग्निवेरा इंटरनेशनल पोलो कप की सफलता के बाद, इस टूर्नामेंट की शुरुआत और भी जोश के साथ हुई।

### 30 को मनाया जाएगा शहीद दिवस - सुबह 11 बजे रखा जाएगा 2 मिनट का सामूहिक मौन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि, 30 जनवरी को शहीद दिवस के अवसर पर सुबह 11 बजे 2 मिनट का सामूहिक मौन रखा जाएगा। शहीद दिवस पर साइरनों द्वारा ध्वनि प्रसारण द्वारा 2 मिनट के मौन संकेत प्रसारित किये जाएंगे। जिसके बाद जिले में सामूहिक मौन रखा जाएगा। सामूहिक मौन के सफल आयोजन के लिए 28 जनवरी 29 जनवरी को सुबह 10 बजकर 59 मिनट पर सायरन बजाकर मौन संकेत का ट्रायल टेस्ट किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया की जिला प्रशासन द्वारा मौन संकेत प्रसारण के लिए कलेक्ट्रेट सहित 13 स्थानों पर सायरनों प्रयोग किया जाएगा। पहला सायरन सुबह 10 बजकर 59 मिनट 15 सेकंड पर बजेगा, जिससे मौन रखने की शुरुआत की जाएगी। 2 मिनट का मौन समाप्त होने पर 11 बजकर 2 मिनट पर मौन समाप्ति संकेत के लिए दूसरी बार सायरन बजेगा।












## सम्पादकीय

# बदलती वैश्विक परिस्थितियां और भारत का गणराज्य

वर्ष 2025 में भारत ने अपने संविधान को अपनाने के 75 साल का जश्न मनाया। इसने राष्ट्र को एक साथ आने का अवसर प्रदान किया ताकि अब तक की यात्रा का आकलन किया जा सके और आगे आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की जा सके। भारत जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है, उनकी प्रकृति बीते वर्ष में काफी बदल गई है, विशेष रूप से उसके बाहरी संबंधों में। वास्तव में, भारत अकेला नहीं है और इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह एक तरह से बदली हुई परिस्थितियों और उनके प्रति प्रतिक्रिया को दर्शाता है। यूरोपीय संघ के नेता एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन आज के समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह उम्मीद है कि इस सप्ताह भारत और यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देंगे। पिछले कई महीनों में, विश्व की सबसे बड़ी शक्ति अमेरिका की नीतियों और कार्रवाइयों ने वैश्विक व्यवस्था की नींव को चुनौती दी है। इससे न केवल यह धारणा टूट गई है कि अमेरिका युद्धोत्तर वैश्विक व्यवस्था का बचाव करेगा, जिसका वह प्रमुख वास्तुकार था, बल्कि यह स्वयं उसके लिए सबसे बड़ा जोखिम भी बन गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का ग्रीनलैंड पर कब्जे का जुनून इसका ताजा उदाहरण है। यद्यपि ट्रंप ने अपने दावोस भाषण में बयानबाजी को कुछ कम किया लेकिन यूरोपीय और अन्य विश्व नेताओं के लिए यह स्पष्ट हो चुका है कि अमेरिका व्यापार या सुरक्षा मामलों में अब एक विश्वसनीय साझेदार नहीं रहा। इसलिए, भारत और यूरोपीय संघ के बीच संभावित समझौता महत्त्वपूर्ण है, और यह कहना उचित होगा कि वर्तमान वैश्विक वातावरण ने इसकी तात्कालिकता को और बढ़ा दिया है। अमेरिका ने भारत को अलग तरह से निशाना बनाया है और रूसी तेल के आयात के बहाने ऊंचे शुल्क लगाए हैं। भले ही भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता कुछ संवेदनशील क्षेत्रों को अपने दायरे से बाहर रखे, यह दोनों पक्षों के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। ऐसी रिपोर्ट हैं कि यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र जैसे मुद्दों को भी संबोधित किए जाने की संभावना है। हालांकि भारत की भागीदारी केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। यूरोप भी रक्षा क्षमताओं का निर्माण कर रहा है, और इस प्रयास में भारत एक साझेदार हो सकता है। भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन इस क्षेत्र में सहभागिता को आगे बढ़ा सकता है, जिससे परस्पर लाभ होंगे। भारत का गहरा हित नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की रक्षा करने में है, और उसे उन व्यवस्थाओं का हिस्सा होना चाहिए जो इस दिशा में काम करने की इच्छुक हैं। यद्यपि नई वैश्विक व्यवस्था के अनुरूप ढलने के लिए, भारत को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी तैयारी को सुधारने की आवश्यकता होगी। एक गणराज्य के रूप में अपनी गहराई और विविधता का लाभ उठाना होगा। देश को अपनी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करना होगा और आर्थिक तथा सामाजिक परिणामों में सुधार के लिए समायोजन करना होगा। यह 1947 तक विकसित देश बनने की संभावनाओं को भी बढ़ाएगा। भारत को विकास के सभी पहलुओं में सुधार की आवश्यकता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि चीजें बेहतर नहीं हो रही हैं, बल्कि यह है कि गति को उल्लेखनीय रूप से तेज करने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, भारत ने पिछले कुछ वर्षों में भौतिक और डिजिटल अधोसंरचना के निर्माण में अत्यंत अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे उत्पादक क्षमता में सुधार हुआ है।

**एआई निवेशों के संदर्भ में, भारत को बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा डेटा केंद्रों में निवेश आकर्षित करने से भी लाभ हुआ है। हालांकि, उसे एआई निवेश में संभावित मंदी या उलटफेर के प्रभाव के लिए तैयार रहना पड़ सकता है, जिससे अमेरिका और अन्य शेयर बाजारों में तीव्र गिरावट आ सकती है।**

# AI ग्लोबल ग्रोथ का नया इंजन, 'डॉट-कॉम' भी खतरा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



चेतेन्द्र मिश्रा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**विश्व आर्थिक मंच के शोध बताते हैं कि एआई व्यवस्थाएं अकेले अमेरिका में 4.5 लाख करोड़ डॉलर मूल्य के काम कर रही हैं। ऐसे में जहां अलग-अलग कामों के लिए एआई को व्यापक तौर पर अपनाने से उत्पादकता में सुधार हुआ होगा, वहीं निवेश का स्तर और उसका केंद्रीकरण चिंता का विषय है।**

अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के जनवरी 2026 के विश्व आर्थिक पूर्वानुमान इस सप्ताह जारी किए गए जो बताते हैं कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस वैश्विक वृद्धि के एक अहम इंजन के रूप में उभरा है। 2026 के लिए वैश्विक वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 3.3 फीसदी कर दिया गया है और यह मोटे तौर पर तकनीकी विकास और एआई से जुड़े निवेश की वजह से है। ऐसे निवेश प्रमुख रूप से अमेरिका में हो रहे हैं। आईएमएफ का अनुमान है कि 2025 की पहली तीन तिमाहियों में अमेरिका में तकनीकी क्षेत्र में निवेश ने औसत वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में करीब 30 आधार अंकों का योगदान किया। इससे वहां के लिए 2026 का वृद्धि अनुमान बढ़कर 2.4 फीसदी हो गया।

2026 की शुरुआत में कॉरपोरेट आय और निवेश घोषणाएं यह संकेत देती हैं कि एआई अधोसंरचना पर होने वाला व्यय जिसमें उन्नत सेमीकंडक्टर से लेकर डेटा सेंटर और क्लाउड क्षमता आदि शामिल हैं, व्यापक पूंजीगत व्यय से तेज गति से आगे बढ़ रहा है। यह आईएमएफ के इस आकलन को मजबूत करता है कि प्रौद्योगिकी वैश्विक व्यापार की नाजुक स्थिति के बावजूद वृद्धि को सहारा दे रही है। एआई को व्यापक रूप से अपनाने से उत्पादकता और मध्यम अवधि की वृद्धि को बढ़ावा मिल सकता है, जबकि व्यापारिक तनावों में लगातार कमी नीति की पूर्वानुमान लगाने की क्षमता को बढ़ा सकती है और निवेश की गति को पुनर्जीवित कर सकती है।

आईएमएफ ने यह चेतावनी भी दी है कि एआई आधारित वृद्धि का आधार बहुत संकीर्ण है। एआई में निवेश की तेजी एक ऐसा बुलबुला साबित हो सकती है जो 2000 के दशक के आरंभ के डॉट कॉम बुलबुले की तरह ही फट सकता है। यदि अपेक्षाएं वास्तविक उत्पादकता लाभ से कहीं अधिक तेजी से बढ़ती हैं, तो अत्यधिक निवेश अचानक रुक सकता है। शेयर बाजार मूल्यांकन में तीव्र गिरावट पूंजीगत व्यय को कम करके और भरोसे को कमजोर करके वृद्धि को जल्दी धीमा कर सकता है, भले ही यह पूर्ण वित्तीय संकट को जन्म न दे। कुछ बड़ी अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों का छोटा समूह इक्विटी बाजार को चला रहा है, जिससे एआई-संबंधित मूल्यांकन व्यापक बाजार से कहीं अधिक ऊपर पहुंच गए हैं। संयुक्त राष्ट्र की विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2026 रिपोर्ट भी यह बताती है कि एआई निवेश अत्यधिक केंद्रित बना हुआ है। 2024 में वैश्विक कॉरपोरेट एआई खर्च का 72.5 फीसदी हिस्सा अमेरिका के हिस्से में आया, जो यह रेखांकित करता है कि अधिकांश देश अभी कितने पीछे हैं।

बहरहाल, विश्व आर्थिक मंच के शोध बताते हैं कि एआई व्यवस्थाएं अकेले अमेरिका में 4.5 लाख करोड़ डॉलर मूल्य के काम कर रही हैं। ऐसे में जहां अलग-अलग कामों के लिए एआई को व्यापक तौर पर अपनाने से उत्पादकता में सुधार हुआ होगा, वहीं निवेश का स्तर और उसका केंद्रीकरण चिंता का विषय है। ऊर्जा की तीव्रता, डेटा के केंद्रीकरण और श्रम विस्थापन को लेकर भी चिंताएं हैं। कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए पूंजी, कौशल और डेटा तक सीमित पहुंच मौजूदा आय और उत्पादकता की खाई को और चौड़ा करने का खतरा पैदा करती है। भारत की विकास गाथा वैश्विक चुनौतियों और घरेलू संभावनाओं के मेल पर आधारित है। आईएमएफ ने सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की पुष्टि की है और 2025-26 के लिए इसका वृद्धि पूर्वानुमान संशोधित कर 7.3 फीसदी तक कर दिया है। 2026-27 में वृद्धि के 6.4 फीसदी तक रहने की उम्मीद है। वर्तमान वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि अपेक्षा से अधिक रही, और नीति-निर्माताओं के लिए चुनौती यह होगी कि अगले वित्त वर्ष में इस गति को कैसे बनाए रखें। एआई निवेशों के संदर्भ में, भारत को बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा डेटा केंद्रों में निवेश आकर्षित करने से भी लाभ हुआ है। हालांकि, उसे एआई निवेश में संभावित मंदी या उलटफेर के प्रभाव के लिए तैयार रहना पड़ सकता है, जिससे अमेरिका और अन्य शेयर बाजारों में तीव्र गिरावट आ सकती है। किसी भी स्थिति में, विदेशी निवेशक भारतीय बाजारों से पूंजी निकाल रहे हैं, और यदि वैश्विक बाजार धारणा में उल्लेखनीय कमजोरी आती है तो स्थिति और बिगड़ सकती है। इस प्रकार, वैश्विक व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के अलावा, एआई संबंधित लेनदेन के समाप्त होने की आशंका से भी वृद्धि के लिए जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं।



# तत्सुखे सुखित्वं का भव्य विमोचन, तीन दिव्य संतों ने किया अनावरण





जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर** । दा आर्ट ऑफ़ लविंग विषयवस्तु को केंद्र में रखकर रचित प्रेम दर्शन की पुस्तक "तत्सुखे सुखित्वं" का भव्य एवं दिव्य विमोचन अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और आध्यात्मिक रूप से सम्पन्न हुआ। यह शुभ कार्य तीन महान संतों के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ, जिसने इस ऐतिहासिक विमोचन को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की । प्रेम की गूढ़ एवं सटीक व्याख्या प्रस्तुत करने वाली इस पुस्तक का विमोचन सर्वप्रथम योगी श्री नंद किशोर जी महाराज के कर-कमलों से हुआ। इसके पश्चात वृंदावन के प्रख्यात रसिक संत श्री प्रेमानंद जी महाराज द्वारा इस दिव्य कृति का अनावरण किया गया। अंततः आनंदम धाम पीठाधीश्वर सद्गुरु श्री ऋतेश्वर जी महाराज के कर-कमलों से पुस्तक का विमोचन सम्पन्न हुआ। पुस्तक के लेखक रोहित शिवोहम ने इस अवसर पर कहा कि "तत्सुखे सुखित्वं" प्रेम को केवल एक भावना के रूप में नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला के रूप में प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि प्रेम किसी परिभाषा की सीमा में बँधा नहीं होता, परंतु वर्तमान समय में जब मानव के भीतर से प्रेम का भाव क्षीण होता जा रहा है, तब समाज को प्रेम और अप्रेम के अंतर को समझाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह पुस्तक प्रेम दर्शन संकल्पना पर आधारित होकर मनुष्य को प्रेम को जीना सिखाती है, प्रेम को दूसरों तक पहुँचाने की कला प्रदान करती है तथा पाठक को प्रेम, आत्मिक शांति, करुणा और मानवीय संवेदनाओं के मार्ग पर अग्रसर करती है। दा आर्ट ऑफ़ लविंग के गूढ़ दर्शन को भारतीय आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ समाहित करती यह कृति समाज को एक नई वैचारिक दिशा प्रदान करने का कार्य करती है। संतों के सान्निध्य और आशीर्वचनों ने इस कृति को पूर्णतः आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया हैं । यह कृति केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि प्रेम, साधना और चेतना के नवयुग का आध्यात्मिक उद्घोष बनकर समाज के समक्ष प्रतिष्ठित हुई।

**पंच गौरव योजना के तहत जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित**

# जयपुर में लाखों विद्यार्थियों ने कैनवास पर कूंची से उकेरे पंच गौरव के रंग

**जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर हुआ आयोजन**

**1 लाख 87 हजार 222 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक निभाई सहभागिता**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जयपुर जिले में पंच गौरव से जुड़े स्थलों, उत्पादों एवं विशिष्टताओं के संरक्षण, संवर्धन एवं समग्र विकास की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रभावी पहल की जा रही है। इसी क्रम में जयपुर जिले के पंच गौरव विषय पर आधारित जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के 5,933 विद्यालयों के 1 लाख 87 हजार 222 स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साह, उमंग और रचनात्मकता से सहभागिता निभाई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों, रेखाओं और कल्पनाशील अभिव्यक्ति के जरिए जयपुर जिले की विशिष्ट पहचान को कैनवास पर सजीव रूप प्रदान किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (जयपुर प्रथम) विनीता सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में जयपुर जिले के 2,999 राजकीय विद्यालयों के 94,784 विद्यार्थी तथा 2,934 निजी विद्यालयों के 92,438 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने पंच गौरव की थीम पर आधारित चित्रों के माध्यम से न केवल कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि जिले की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक पहचान को भी सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि विद्यार्थियों ने कूंची के माध्यम से जयपुर जिले के पंच गौरव को रंगों में ढालते हुए एक जिला-एक खेल के अंतर्गत कबड्डी, एक जिला-एक उपज के रूप में आँवला, एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति के रूप में लिसोड़ा, एक जिला-एक उत्पाद के रूप में रत्नाभूषण तथा एक जिला-एक पर्यटन स्थल के रूप में आमेर दुर्ग को अत्यंत सृजनात्मक, आकर्षक एवं भावनात्मक रूप से चित्रित किया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित यह चित्रकला प्रतियोगिता विद्यार्थियों में न केवल जयपुर जिले के पंच गौरव के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई है, बल्कि इसके माध्यम से भावी पीढ़ी में जिले की विरासत, परंपराओं एवं विशिष्टताओं के संरक्षण और संवर्धन के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी पहल साबित हुई।

**आखर-आखर झरे उजियार**

# बुनियादी बातः दृष्टिकोण को व्यापक बनाया जाए

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



गोपाल प्रभाकर
पत्रकार
@jagrukjanta.net

किसी न किसी से उम्मीद के सहारे दुनिया चल रही है। सामाजिक रिश्तों के समीकरण भी उम्मीद से संचालित हो रहें हैं। उसके लिए मैंने इतना किया, वो भी मेरे लिए कुछ तो करे। ये जो दूसरों से अपेक्षा की जाती है, वही दुःख की नींव बन जाती है। इसका कारण कुछ भी हो सकता है। जिससे हमने अपने हित में कुछ कुछ करने की उम्मीद रखी, शायद वो उस काम को करने में समर्थ नहीं हो या फिर उसकी प्रकृति और परिस्थिति उसे अनुमति नहीं देती हो। जो भी हो, उसकी असमर्थता स्वीकार की जानी चाहिए। अन्यथा दुःख की अनुभूति बनी रहेगी। इसलिए किसी से अपेक्षा की बजाय जो जैसा भी है, उसे मन से यथावत स्वीकार कर लेना ही बेहतर होगा।

हर व्यक्ति को अपनी मान्यता, अपनी सोच ही पसन्द होती है। लेकिन उसे ये भी समझ लेना चाहिए कि मेरा विचार ही अंतिम वेद वाक्य नहीं है। दिलोदिमाग खुला रखते हुए ये सोचना होगा कि सामने वाले के एंगल से उसका विचार भी सही हो सकता है। ये पूर्वाग्रह मुक्त वैचारिक उदारता हमारी प्रकृति में शामिल हो जानी चाहिए। कहने का अभिप्राय यह है कि एक ही परिवार में माँ बाप की चार संतानों की सोच भिन्न-भिन्न हो सकती है। कोई पूर्व जाएगा तो कोई पश्चिम, कोई उत्तर जाएगा तो कोई दक्षिण। सब की अलग अलग प्रकृति,अलग अलग स्वभाव। विभिन्नता और विविधता कुदरत की देन है।

परिवार के हर सदस्य की अलग अलग विशेषता होती है। कोई स्वच्छता प्रिय होगा, कोई अनुशासित होगा, कोई सत्य व्रती होगा, कोई लचीलापन लिए होगा। संस्कार और गुणों का वैविध्य प्रकृति की देन है। इसे स्वीकार करने के अलावा कोई उपाय नहीं रह जाता। हर इंसान अलग है। उसे गलत साबित करना गलत होगा। जो जैसा है, वैसा ही है। अपने प्रारब्ध और प्रकृति के अनुसार ही वो व्यवहार करेगा।

यदि हम किसी में बदलाव चाहते हैं तो हमें खुद उदाहरण बनना होगा. पहले आदतों में वो बदलाव अपने में लाना होगा.गुरु जी गुड़ से परहेज़ की बात करते हैं तो उन्हें स्वयं संयम रख के मिसाल पेश करनी होगी। बुनियादी बात यह है कि अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाना होगा। आत्मनः प्रतिकूलानि परेषा न समाचरेत। केवल यही विचार जीवन का आधार बन जाय कि जो व्यवहार या आचरण आपको स्वयं के लिए अप्रिय या प्रतिकूल लगे, वैसा आचरण दूसरों के साथ कभी न करें।

# हर जरूरतमंद स्ट्रीट वेंडर तक पहुंचे स्वनिधि योजना

**बैंकों द्वारा लंबित आवेदनों का त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स को किफायती दरों पर पूंजीगत ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने समिति को निर्देशित किया कि सभी बैंकों द्वारा लंबित आवेदनों का त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। मुख्य सचिव ने योजना के अंतर्गत सभी बैंकों द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचे, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। लक्षित वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजना को शहरों के साथ-साथ कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए। इसके लिए ग्रामीण उत्थान शिविरों के माध्यम से आमजन को योजना से जोड़ने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी बैंक अपने निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को योजना से लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानियां उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए, ताकि अन्य जरूरतमंदों को भी प्रेरित किया जा सके। मुख्य सचिव ने फील्ड विजिट एवं निरीक्षण रिपोर्ट के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए।

बैठक में शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग रवि जैन, शासन सचिव आयोजना विभाग डॉ. रवि कुमार सुरपुर, विभागीय वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न राजकीय एवं निजी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# विभागीय योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक समय पर पहुंचाया जाए-डॉ. किरोड़ी लाल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को शासन सचिवालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य की प्रमुख केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की गई। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ समय पर ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जाए। ग्रामीण विकास के लिए राज्य सरकार सदैव तत्परता से कार्य कर रही है। डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि विभागीय अधिकारी ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता, रोजगार सृजन एवं बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। परदेश में 15 लाख 95 हजार लखपति दीदियां बनाई जा चुकी है और 19 लाख 90 हजार संभावित लखपति दीदियों को प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राजीविका योजना में स्वयं सहायता समूहों को मजबूत बनाने एवं ऋण वितरण में भी उत्साहजनक प्रगति दर्ज की गई। विशेष क्षेत्रों की विकास योजनाओं तथा मगरा क्षेत्रीय विकास योजना में सड़क, जल संरक्षण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, जो पिछड़े क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण रोजगार की मांगों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। पीएम आवास योजना के तहत लक्षित संख्या के अनुरूप मजबूत आवासों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा हो रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों को पक्के मकान का लाभ मिला सकेगा।

# कर्तव्य पथ पर शौर्य का महाउत्सव





## इंडिया गेट पर उमड़ी भीड़, रुकी ट्रैफिक की रफ्तार

**जागरूक जनता @नई दिल्ली:** भारी संख्या में लोग छुट्टी सेलिब्रेट करने इंडिया गेट पहुंच गए। चलते ट्रैफिक के बीच से सड़क पार करने की वजह से इंडिया गेट सर्कल पर ट्रैफिक की रफ्तार रुक गई। इससे जाम जैसी स्थिति बन गई। हालांकि ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इंडिया गेट पहुंचे लोग लगातार चलते ट्रैफिक के बीच से सड़क पार करते रहे, जिस वजह से ट्रैफिक की रफ्तार धीमी पड़ी। भारी संख्या में लोग कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। दोपहर 12:30 बजे जैसे ही समारोह खत्म हुआ, लोग इंडिया गेट पहुंचने लगे।

**आज 'बीटिंग रिट्रीट' रिहर्सल के दौरान विजय चौक पूरी तरह बंद रहेगा**

27 जनवरी को यानी आज 'बीटिंग रिट्रीट' की फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान शाम 4 बजे से 6 बजे तक विजय चौक आम ट्रैफिक के लिए पूरी तरह से बंद रहेगा।

## ड्रोन चमके, दहाड़ी ब्रह्मोस, चरम पर जोश



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली की ठिठुरन भरी हवा में कर्तव्य पथ पर सुबह कुछ अलग ही गर्माहट थी। देशभक्ति का रंग हर चेहरे पर साफ झलक रहा था। जैसे ही परेड की पहली टुकड़ी ने कदमताल शुरू की बच्चे से लेकर बुजुर्ग और युवा, हर कोई इस ऐतिहासिक पल को मोबाइल में कैद करने में जुट गया। तालियों की गड़गड़ाहट और 'वंदे मातरम्' की गूंज ने पूरे माहौल को जोश से भर दिया। हर जुबान पर एक ही नारा, भारत माता की जय था।

जब आधुनिक हथियारों से लैस सैन्य ताकत सामने आई तो दर्शकों की आंखें थम सी गईं। स्वदेशी ड्रोन, ब्रह्मोस मिसाइल और ईगल प्रहार जैसे अत्याधुनिक हथियारों ने रणनीतिक मजबूती के साफ संदेश दिए। यह सिर्फ हथियारों की झलक नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर थी। शक्तिवाण, दिव्यास्त्र के साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की दहाड़ ने जोश भर दिया। आकाश मिसाइल को देख लोगों ने तालियां बजाईं। यह 150 किलोमीटर तक निगरानी में सक्षम है और करीब 25 किलोमीटर तक शत्रु के विमानों को नष्ट कर सकती है।

वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित भव्य उत्सव में देश की विविध संस्कृति एक मंच पर जीवंत हो उठी। अलग-अलग वेशभूषा में सजे 2500 कलाकारों ने ऐसा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया कि दर्शक अपनी नजरें तक नहीं हटा पाए। रंग-बिरंगे परिधानों, लोकनृत्यों की लय और कदमों की ताल में भारत की आत्मा झलक रही थी। हर प्रस्तुति देश के किसी न किसी कोने की कहानी कह रही थी। कहीं पंजाब की ऊर्जा, कहीं साउथ की शालीनता, कहीं पूरब कोमलता तो कहीं वेस्ट की जीवंतता। सुजलाम सुफलाम से लेकर जीत की वंदना की गूंज पूरे परिसर में फैली हुई थी। संगीत की हर धुन और शब्दों की हर लय ने दिलों को छू लिया। दर्शक सिर्फ सुन नहीं रहे थे, बल्कि उस भावना को जी रहे थे।

**नदियों के नाम पर:** दर्शक दीर्घाओं के नाम भारत की नदियों के नाम पर रखे गए थे। इनमें घाघरा, गोदावरी, सिंधु, झेलम, कावेरी, ब्यास, ब्रह्मपुत्र, चंबल, चिनाब, गंडक, कोसी, महानदी, पेन्नार, रावी, सोन, सतलुज, तीस्ता और वैगई शामिल रहीं।

**बुलेट पर दिखाई ताकत:** सबसे ज्यादा तालियां उस वक्त गूंजीं, जब महिला सैनिकों ने बुलेट बाइक पर गजब का संतुलन दिखाया। यह देख हर किसी की सांसें थम गईं, आंखें चौड़ी हो गईं और हर दिल में गर्व उमड़ पड़ा। वहीं, अलग-अलग दल के पुरुष सैनिकों ने भी बुलेट पर हैरतअंगेज करतब दिखाकर सबको मोहित कर दिया।

### बग्घी से पहुंचीं राष्ट्रपति

समारोह शुरू होते ही वो ऐतिहासिक बग्घी भी नजर आई, जिसमें सवार होकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु EU की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ समारोह स्थल पर पहुंची। उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। इस दौरान राष्ट्रपति ने वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से सम्मानित किया।





## इस समारोह में मुख्य अतिथि होना मेरे लिए जीवन भर का सम्मान : उर्सुला

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**यूरोपियन यूनियन** (EU) के दो शीर्ष नेताओं एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने सोमवार को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। उर्सुला ने कहा, सफल भारत दुनिया को अधिक स्थिर, समृद्ध और सुरक्षित बनाता है। यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष कोस्टा और यूरोपीय यूनियन की प्रेजिडेंट उर्सुला ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भव्य परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखा। कोस्टा और उर्सुला मंगलवार को पीएम के साथ शिखर वार्ता करेंगे। गणतंत्र दिवस परेड में यूरोपियन यूनियन की एक छोटी सैन्य टुकड़ी ने भी हिस्सा लिया।

**EU के दो शीर्ष नेता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए**

समारोह के बाद उर्सुला ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होना मेरे लिए जीवन भर का सम्मान है।' यह पहली बार था जब ईयू के दो शीर्ष नेताओं ने गणतंत्र दिवस समारोह में हिस्सा लिया।

## 27 झांकियों ने गढ़ा भारत का नया स्वर, विरासत और सपने पिरोए

### कर्तव्य पथ पर झांकियों में दिखा चलता-फिरता भारत

■ **नई दिल्ली:** जैसे ही परेड आगे बढ़ी, असली भारत अपनी पूरी रंगीन आत्मा के साथ सामने आने लगा। अलग-अलग राज्यों और विभागों की झांकियां एक-एक कर निकलती रहीं। हर झांकी अपने साथ एक कहानी, एक पहचान, और एक संदेश लेकर आई। कुल 27 झांकियां निकलीं।

तमिलनाडु की झांकी समृद्धि का मंत्र आत्मनिर्भर भारत की थीम पर आधारित था। इसमें परंपरा और तकनीक का शानदार सामंजस्य दर्शाया गया था। झांकी में दिखाया गया कि तमिलनाडु भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ी निर्माता के रूप में सबसे बड़े हब के रूप में उभर रहा है। जम्मू कश्मीर की झांकी रेशमी चित्र की तरह खुलती हुई नजर आई। जम्मू कश्मीर की संस्कृति को एक सुंदर रूप में दिखाया गया जहां कला और नृत्य साथ-साथ दिखाई देते हैं। इसके अलावा कश्मीरी लकड़ी की कारीगरी के साथ ही केसर के फूल भी दिखाई गए था। बैंगनी खेत और लाल केसर की डोरियां इस क्षेत्र की पहचान और प्रकृति से जुड़ी विरासत को दर्शाती हैं।

**झांकियों में बोली कहानियां, दिखी देश की रंगीन आत्मा**

वंदे मातरम् के 150वें वर्षगांठ के मौके पर बंगाल की झांकी भी खूब लुभाई। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में बंगाल की निर्णायक भूमिका को दिखाया गया जो सांस्कृतिक जागरण से लेकर क्रांतिकारी नेतृत्व तक की यात्रा को रेखांकित करती है। इस झांकी की दस्तक से हवाओं में वंदे मातरम् के नारे गूंज उठे। पंजाब की झांकी जब आई तो अचानक लोगों का जोश हाई हो गया। इस झांकी पर एक चादर प्रदर्शित है, जिस पर हिंद की चादर अंकित है। जो एक सुरक्षा का प्रतीक है। वहीं, आयुष मंत्रालय की ओर से आयुष तंत्र, स्वास्थ्य का मंत्र की झांकी निकाली गई। इसमें उन्होंने यह दर्शाया कि पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को जन स्वास्थ्य ढांचे से जोड़ना है।




### ...जब दर्शक दीर्घाओं की ओर गए PM मोदी

राष्ट्रपति के जाने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी अचानक कर्तव्य पथ के दूसरी तरफ चल पड़े, जहां वह गर्मजोशी के साथ दर्शक दीर्घाओं की तरफ गए। वहां उनकी एक झलक देखने के लिए हर कोई बेकरार दिखा। बच्चों ने कुर्सियों पर चढ़कर, हाथ हिलाकर पीएम का अभिवादन किया। हालांकि इस दौरान हर कोई पीएम की तस्वीर अपने मोबाइल में कैद करने के साथ ही भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे।









## कर्तव्य पथ पर राजस्थान की झांकी बनी आकर्षण का केन्द्र

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकली परेड में राजस्थान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। बीकानेर की विश्वविख्यात उस्ता कला को केन्द्र में रखकर तैयार की गई इस झांकी ने अपनी विशिष्ट शिल्पकला, सांस्कृतिक वैभव और जीवंत प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। झांकी के अग्र भाग में राजस्थान के प्रसिद्ध लोक वाद्य रावणहट्टा का वादन करते कलाकार की 180 डिग्री घूमती प्रतिमा प्रदर्शित की गई। इसके दोनों ओर उस्ता कला से सजी सुराही, कुप्पी और दीपक आकर्षक फ्रेमों में लगाए गए हैं। झांकी का यह भाग लगभग 13 फीट ऊँचा है। ट्रेलर भाग में उस्ता कला से अलंकृत घूमती हुई पारंपरिक कुप्पी व हस्तशिल्प पर कार्य करते कारीगरों के दृश्य प्रदर्शित किए गए हैं, जो इस कला की जीवंत परंपरा को दर्शाते हैं। झांकी के पृष्ठभाग में विशाल ऊँट और ऊँट सवार की प्रतिमा राजस्थान की मरुस्थलीय संस्कृति एवं लोक जीवन का सशक्त प्रतीक है। दोनों ओर उस्ता कला से सजे मेहराबों में पत्तेदार स्वर्ण कारीगरी के उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रदर्शित किए गए हैं। झांकी के चारों ओर गेर लोक नृत्य प्रस्तुत करते कलाकारों ने राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान को और अधिक प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। कुल मिलाकर यह झांकी पारंपरिक कला, लोक संस्कृति और शाही विरासत का सजीव संगम बनकर सामने आई। उल्लेखनीय है कि उस्ता कला ऊँट की खाल पर की जाने वाली स्वर्ण जड़ाई की पारंपरिक शाही कला है, जिसकी उत्पत्ति ईरान में मानी जाती है। इसका विकास मुगल काल में हुआ तथा बीकानेर के महाराजा राय सिंह के शासनकाल में यह कला बीकानेर पहुँची। इस कला में 24 कैरेट स्वर्ण पत्र एवं प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है। वर्तमान में इसका विस्तार लकड़ी, संगमरमर, कांच एवं दीवारों तक हो चुका है। उस्ता कला को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) प्राप्त है, जो इसकी मौलिकता व सांस्कृतिक महत्व को प्रमाणित करता है।




## 60 हज़ार से भी ज्यादा सुरक्षाकर्मियों की तैनाती

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

पूरी दिल्ली में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त के बीच गणतंत्र दिवस समारोह खत्म होने के बाद दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली। कर्तव्य पथ से लेकर लाल किला तक चौक चौबंद सुरक्षा इंतजाम रहे।

पूरी दिल्ली में 60 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई। समारोह स्थल के आसपास के दायरे में करीब 10 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात थे। जिसमें दिल्ली पुलिस के जवानों के अलावा एनएसजी कमांडो, अर्धसैनिक बल के जवान तैनात थे। किसी भी तरह के हवाई खतरे को देखते हुए एंट्री ड्रोन और एंट्री क्राफ्ट गन तैनात थीं। किसी भी संदिग्ध फ्लाई ऑब्जेक्ट को हवा में ही मार गिराने के लिए DRDO का विशेष रडार सिस्टम तैनात था।

पुलिस अफसर के मुताबिक, सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थल पर करीब 2500 से अधिक हाई डेफिनेशन CCTV कैमरे लगाए गए। इसके अलावा आतंकी और मोस्ट वॉन्टेड क्रिमिनल्स की तुरंत पहचान और पकड़ने के लिए खास तौर से फेस रिकॉग्नाइजेशन कैमरे लगाए गए थे। पूरी दिल्ली को कवर करने के लिए महत्वपूर्ण जगहों पर लगभग 7000 CCTV कैमरे लगाए गए थे। समारोह स्थल ही नहीं, पूरी दिल्ली में पुलिस को अलर्ट रखा गया था। छतों पर स्नाइपर की तैनाती की गई। परेड मार्ग पर 200 से अधिक इमारतों को सील करके रखा गया।



# जेके.सीमेंट निंबाहेड़ा एवं मांगरोल में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**निंबाहेड़ा।** जे. के. सीमेंट संस्थान निंबाहेड़ा में यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल के मुख्य आतिथ्य में गणतंत्र दिवस के पर्व को हर्षोल्लास से मनाया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण कर तिरंगे को सलामी दी गई। साथ ही, सुरक्षाकर्मियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। तत्पश्चात वर्ष पर्यन्त उत्तम उपस्थिति दर्ज करने वाले कर्मचारियों और श्रमिक साथियों को सम्मानित किया गया तथा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता मे विजेताओ और उपविजेताओ को पारितोषिक प्रदान कर प्रेरित किया गया, साथही, श्रेष्ठ सुरक्षाकर्मियों का भी सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि मनीष तोषनीवाल ने कहा कि आज ही के दिन भारत ने 1950 में भारतीय संविधान को अपनाया था, जो हमारे लोकतांत्रिक मूल्यो और अधिकारों की नींव है। गणतंत्र दिवस का पर्व भारतीय नागरिकों की एकता, अखंडता और विविधता में एकता का प्रतीक है। यह हम सभी को हमारे संविधान के तहत मिली स्वतंत्रता और अधिकारों की महत्ता का अहसास कराता है। हम सब मिलकर अपने संविधान की गरिमा बनाए रखें और देश के विकास मे सक्रिय भागीदारी निभाएं।

उक्त अवसर पर टेक्निकल हेड राजेश सोनी, एचआर एवं ईआर हेड प्रभाकर मिश्रा हेड, सिक्यूरिटी हेडदुष्यंत सिंह, क्वालिटी हेड धनंजय कुमार, प्रोसेस हेड नितिन नलावडे, मुकेश वासवानी, किशोर शर्मा, मोहम्मद करीम, सज्जन सिंह भाटी, जितेन्द्र सिंह शक्तावत, पुलकित गौर, सुमित कुमार शिवपाल सिंह, घीसालाल स्वामी चैन सिंह अध्यक्ष (जे. के. सीमेंट श्रमिक संघ, निम्बाहेड़ा) राजसिंह महामंत्री (जे. के. सीमेंट श्रमिक संघ, निम्बाहेड़ा) सहित सैकड़ों कर्मचारी और श्रमिकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मोहित राव द्वारा किया गया।

## इंटर जिंक सीजन-4 चैंपियनशिप

# रामपुरा आगूचा माइंस बनी विजेता



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** जिंक नगर में आयोजित इंटर जिंक क्रिकेट कुंभ सीजन-4 चैंपियनशिप में रामपुरा आगूचा माइंस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। शुक्रवार को दूधिया रोशनी में खेले गए फाइनल मुकाबले में रामपुरा आगूचा माइंस ने एचओ सीआरडीएल को हराकर चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती।

फाइनल मैच में एचओ सीआरडीएल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर से पहले 3 गेंद शेष रहते 10 विकेट खोकर 124 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामपुरा आगूचा माइंस की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 14.5 ओवर में मात्र 2 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाकर मैच जीत लिया। रामपुरा आगूचा माइंस के राकेश को शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट चटकाए। टूर्नामेंट में मनीष सेन को बेस्ट बैट्समैन, राकेश को बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट एवं प्रशांत देवंदा को बेस्ट ऑलराउंडर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के लोकेशन हेड आलोक रंजन ने आयोजन की सफलता के लिए चंदेरिया टीम को बधाई दी तथा सभी टीमों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन टीम बिल्डिंग और आपसी सामंजस्य को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने दोनों टीमों के शानदार खेल और खेल भावना की सराहना की। इस अवसर पर मेटल माइंस मजदूर संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह भाटी, हेड एचआर अनूप कुमार, डिप्टी सीएचआरओ ममता शर्मा, आयोजन टीम के इन्द्रजीत सिंह, विजय राव, दिलीप सिंह, नवीन इंटोदिया, उर्मी दीपा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं दर्शक उपस्थित रहे।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने भूमि पूजन कर रखी आधारशिला

# छोटी खाटू में 449 लाख की लागत से बनेगा विद्यालय का भव्य भवन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, छोटी खाटू के नवीन भवन का भव्य शिलान्यास एवं भूमि पूजन समारोह डीडवाना-कुचामन क्षेत्र के शैक्षिक विकास को नई गति देगा। 449.00 लाख की लागत से बनने वाले इस आधुनिक भवन की आधारशिला मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रखी।

समारोह में अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे को मजबूत करना केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता है। 4.49 करोड़ की यह राशि विद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने में मील का पत्थर साबित होगी, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मदन दिलावर ने केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर इस विद्यालय का नाम अब आचार्य महाश्रमण के नाम से रखने की घोषणा की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति की विशेषताओं के बारे में कहा कि केंद्र सरकार देशभर में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने मातृभाषा के महत्व को बताते हुए कहा कि आने वाले समय में राजस्थान के राजकीय विद्यालयों में राजस्थानी भाषा का अध्ययन भी शुरू किया जायेगा। धर्मेंद्र प्रधान ने तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि आज के युग में डिजिटल संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं को विद्यार्थी जीवन से ही स्किल डेवलपमेंट से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे युवा हुनरमंद बनेंगे और भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर हासिल कर सकेंगे। कार्यक्रम में मदन दिलावर ने कहा कि छोटी खाटू में बनने वाला यह विद्यालय अपने आप में एक मॉडल स्कूल होगा, जो कई मायनों में निजी विद्यालयों से भी आगे रहेगा।

# नारायण सेवा संस्थान में हर्षोल्लास से मना 77वां गणतंत्र दिवस

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नारायण सेवा संस्थान के विभिन्न सेवा परिसरों में देशभक्ति और उल्लास के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्थान के मानव मंदिर और सेवाधाम परिसर में संस्थापक चेयरमैन कैलाश मानव ने ध्वजारोहण किया। वहीं नव-निर्मित भवन वर्ल्ड ऑफ ह्यूमैनिटी में अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें नारायण चिल्ड्रन अकादमी के दो विद्यार्थियों ने मंच संचालन किया। बच्चों ने देशभक्ति गीतों और घूमर जैसे लोकनृत्य पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। आवासीय विद्यालय के मूक-बधिर एवं प्रज्ञा चक्षु बच्चों ने भी संगीतमय प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में निदेशक वंदना अग्रवाल, सह-संस्थापिका कमला देवी अग्रवाल, निदेशक पलक अग्रवाल, योजना प्रभारी रोहित तिवारी, संयोजक महिम जैन, प्रिंसिपल अर्चना गोवलकर सहित सैकड़ों साधक एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त संस्थान के सेवा महातीर्थ, बड़ी में अनिल आचार्य द्वारा, नारायण पैरा स्पोर्ट्स अकादमी में बहादुर सिंह द्वारा तथा सेक्टर-14 स्थित अपना घर परिसर में भी ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।

# न्युवोको विस्टास ने भारत में प्रीमियम डेकोरेटिव कॉंक्रीट रेंज आर्टिस्ट एलीट कलेक्शन लॉन्च की

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत की भरोसेमंद बिल्डिंग मटीरियल कंपनी ने अपने आर्टिस्ट डेकोरेटिव कॉंक्रीट पोर्टफोलियो के तहत एक नई प्रीमियम रेंज, न्युवोको आर्टिस्ट एलीट कलेक्शन लॉन्च करने की घोषणा की है। आधुनिक निर्माण और लैंडस्केपिंग प्रोजेक्ट्स के लिए विकसित, एलीट कलेक्शन कलात्मक समझ को तकनीकी सटीकता के साथ जोड़ता है। यह रेंज चार आधुनिक, इस्तेमाल के लिए तैयार डेकोरेटिव कॉंक्रीट फिनिश पेश करती है जो विश्वसनीय प्रदर्शन देते हुए खूबसूरती को बढ़ाती हैं। इसमें रिफाइंड टेक्सचर, आधुनिक पैटर्न और नेचुरल कलर रंग पैलेट्स हैं, जो वॉकवेज, ड्राइववे, लैंडस्केप एरिया, पोडियम और प्रीमियम आउटडोर और सेमी-आउटडोर जगहों के लिए बहुत उपयुक्त है। हर डिजाइन उच्च-गुणवत्ता वाली फिनिश और सरफेस डिटेलिंग के साथ तैयार किया गया है, जो गहराई, बनावट और मटीरियल के कैरेक्टर को उजागर करता है, जिससे प्रोजेक्ट्स में एकरूपता सुनिश्चित होती है और डिजाइनरों और स्पेसिफायर्स को क्रिएटिव लचकता मिलती है। चिराग शाह, हेड, मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि "न्युवोको आर्टिस्ट एलीट कलेक्शन सोच-समझकर, डिजाइन-आधारित सॉल्यूशंस पर हमारे फोकस को दर्शाता है। यह रेंज खूबसूरती, सस्टेनेबिलिटी और इस्तेमाल में आसानी को जोड़ती है, जिससे ग्राहक आत्मविश्वास के साथ खास जगहें बना सकते हैं।

# मंत्री के.के. विश्नोई ने ढीमड़ी डेम पर हर घर नल योजना का किया शुभारंभ



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**गुड़ामालानी, बाड़मेर।** राज्य के मंत्री के.के. विश्नोई ने आज गुड़ामालानी क्षेत्र स्थित ढीमड़ी डेम पर हर घर नल से जल योजना का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री विश्नोई ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक शुद्ध एवं नियमित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मंत्री ने बताया कि इस योजना के माध्यम से क्षेत्र के सैकड़ों घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे, जिससे जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान होगा। उन्होंने कहा कि यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, जिन्हें अब दूर-दराज से पानी लाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, जलदाय विभाग के अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उपस्थित ग्रामीणों ने योजना के शुभारंभ पर राज्य सरकार एवं मंत्री का आभार व्यक्त किया।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

# विधायक आक्या के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सुनी 'मन की बात'

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' के 130वें संस्करण को विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रविवार को शहर स्थित रूट ट्री प्लान्ट नर्सरी में सुना। विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने बताया कि मन की बात के 130 वें संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में रविवार को मनाये जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मतदाता दिवस के उत्सव को सामाजिक आन्दोलन बनाने, स्टार्टअप एवं नवाचार के माध्यम से भारत को आत्मनिर्भर बनाने, नदियों के संरक्षण आदि विषयों पर प्रेरक विचार साझा किये। प्रधानमंत्री मोदी ने गणतंत्र दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढना है और सशक्त राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी निभानी है।

## देवनारायण जयंती शोभायात्रा का विधायक आक्या ने किया स्वागत

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** भगवान देवनारायण जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को निकाली गई विशाल शोभा यात्रा का विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा कलेक्ट्री चौराहे पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान भगवान देवनारायण की प्रतिमा पर विधायक आक्या द्वारा पुजा अर्चना कर सर्वत्र खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर पूर्व यु.आई.टी. चैयरमेन सुरेश झंवर, पूर्व नगर परिषद चैयरमेन सुशील शर्मा, पुर्व सभापति भरत जागेटिया, शेलेन्द्र झंवर, नगर मण्डल अध्यक्ष सुदर्शन रामपुरिया, अनिल ईनाणी, सतपाल दुआ, फतहलाल भडकतिया, गोपाल जाजू, नवीन पटवारी, रवि विराणी, राजन माली, मनोहर वैष्णव, लोकेश त्रिपाठी, राजकुमार तोलम्बिया, जगदीश मण्डोवरा, दिनेश मून्दडा, सावन छीपा, मनोज मेनारिया, विनित तिवारी, प्रदीप बोहरा, सुनील रजक, रामप्रसाद बगेरवाल, मोनू सलुजा, परमजीत सिंह वधवा, हरीश गुरनानी, पोन्टी मीणा, अनिल मीणा, विमला गटटीयानी, रेखा शक्तावत, रेणु मिश्रा, ममता चौहान, प्रेम कुमावत, पिन्टू मीणा, कुलदीप शर्मा, राजेश मोची, पंकज सेन, रवि बैरागी, रवि मेनारिया, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## क्यूआर कोड व्यवस्था को लेकर परेशान हो रहे हैं मरीज

**गंगापुरसिटी @ जागरूक जनता।** राजस्थान में गंगापुर सिटी के राजकीय जिला अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए शुरू की गई क्यूआर कोड आधारित पंजीकरण व्यवस्था को लेकर ज्यादातर मरीजों को इस प्रि या की जानकारी नहीं होने से मंगलवार को मरीज अस्पताल में लंबी लंबी कतारों में लगने के लिए मजबूर नजर आए। इन लंबी कतारों से राहत दिलाने के उद्देश्य से अस्पताल प्रशासन ने मरीजों को मोबाइल फोन के जरिए क्यूआर कोड स्कैन कर घर बैठे या परिसर में ही पर्ची बनाने की सुविधा दी थी लेकिन क्यूआर कोड से पर्ची बनाने के तरीके से अनभिज्ञ बुजुर्ग, महिलाएं और ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीज पुरानी व्यवस्था के तहत लाइन में लगने को मजबूर हो गये।विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।

# आयुष केशरवानी अपहरण-हत्या कांड ने समाज को झकझोरा-मित्तल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**कोलकाता।** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने बताया कि बरगढ़-बाजार, जनपद-चित्रकूट के व्यापारी अशोक केशरवानी के 13 वर्षीय पुत्र आयुष केशरवानी का फिरौती हेतु अपहरण कर, जघन्य हत्या की गई है। उक्त अमानवीय एवं हृदय विदारक घटना से संपूर्ण समाज व्यथित, आक्रोशित एवं चिंतित है। इस दुःखद प्रसंग में पीड़ित परिवार असहनीय मानसिक वेदना, सामाजिक एवं असुरक्षा एवं आर्थिक संकट से गुजर रहा है। ऐसी स्थिति में शासन का संवेदनशील हस्तक्षेप न केवल पीड़ित परिवार को संबल देगा, बल्कि समाज में न्याय, विश्वास एवं कानून के प्रति आस्था को भी सुदृढ़ करेगा। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन, एक सामाजिक- राष्ट्रीय दायित्व बोध से प्रेरित संस्था होने के नाते, संस्था के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने पीड़ित परिवार की पीड़ा को दृष्टिगत रखते हुए, एक पत्र के माध्यम से योगी आदित्यनाथ मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को तत्काल पूर्ण शासकीय संरक्षण प्रदान किया जाए तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। प्रचलित नियमों/विशेष प्रावधानों के अंतर्गत समुचित एवं सम्मानजनक मुआवजा अविलंब प्रदान किया जाए, जिससे परिवार की तात्कालिक एवं दीर्घकालिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके।

घटना में संलिप्त समस्त अपराधियों के विरुद्ध त्वरित, निष्पक्ष एवं कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि दोषियों को उदाहरणात्मक दंड मिले और भविष्य में ऐसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगे। प्रकरण की सतत निगरानी हेतु उच्चस्तरीय निर्देश जारी किए जाएँ, जिससे विवेचना व न्यायिक प्रक्रिया में कोई शिथिलता न रहे का आग्रह किया है। मित्तल ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है, कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के कुशल एवं संवेदनशील नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु आवश्यक सभी कदम तत्परता से उठाएगी।

## घर मंगवाये जागरूक जनता

सदस्यता फार्म दिनांक ....................

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................

पता : ....................

फोन .................... पिन कोड

राशि (रुपए) .................... बैंक का नाम ....................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

● सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता सकारात्मक हिन्दी अखबार
बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

कमलेश मेटाकास्ट की प्रस्तावित चूना पत्थर खनन परियोजना निरस्त करने की मांग

# अरावली बचाओ आंदोलन तेज, 800 हेक्टेयर खनन परियोजना के खिलाफ सड़कों पर उतरी जनता

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**सिरोही।** राजस्थान के सिरोही जिले में अरावली पर्वत श्रृंखला को बचाने के लिए एक बार फिर जनआंदोलन तेज हो गया है। जिले में प्रस्तावित मेसर्स कमलेश मेटाकास्ट प्राइवेट लिमिटेड की चूना पत्थर खनन परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दे रहा है। शनिवार को करीब 800 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित खनन परियोजना को निरस्त करने की मांग को लेकर हजारों ग्रामीणों ने पैदल जनजागृति पदयात्रा निकाली। पदयात्रा की शुरुआत भारजा गांव से हुई, जो तरूंगी, भीमाना, वाटेरा और रोहिड़ा होते हुए शाम को स्वरूपगंज पहुंची, जहां रात्रि विश्राम किया गया। इस पदयात्रा का एक ही उद्देश्य है–अरावली पर्वत माला को बचाना और विनाशकारी खनन परियोजना को रद्द कराना।

## लुकीसूखी रोटियों के साथ संघर्ष, चुनावी रैली नहीं जनता की पीड़ा

इस आंदोलन की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि इसमें शामिल लोग अपने घरों से लुकी-सूखी रोटियां, अचार और चटनी लेकर आए और सड़क किनारे बैठकर भोजन किया। यह किसी चुनावी सभा का दृश्य नहीं था, बल्कि उन लोगों की व्यथा थी, जिनका जीवन, खेती, पानी और जंगल इस परियोजना से खतरे में पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस खनन परियोजना से क्षेत्र के जल स्रोत सूख जाएंगे, कृषि भूमि बंजर हो जाएगी और अरावली की जैव विविधता को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी।

## सरकारी दमन से नहीं डरेंगे

रैली में उमड़े जनसैलाब को देखकर सरकार और प्रशासन में हलचल मच गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि आंदोलन को कुचलने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है। पुलिस बल पदयात्रा के साथ सुरक्षा के नाम पर तैनात रहा, लेकिन लोगों का कहना है कि वे किसी भी कानूनी कार्रवाई से डरने वाले नहीं हैं। आंदोलनकारियों ने साफ कहा– "हम अपने जल, जमीन और जंगल के लिए लड़ रहे हैं। यह हमारे अस्तित्व का सवाल है। सरकार चाहे जितना दबाव बनाए, हम पीछे नहीं हटेंगे।"

## बाजारों में फूलमालाओं से स्वागत

पदयात्रा के दौरान वाटेरा, भीमाना, भारजा और रोहिड़ा के बाजारों में ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। फूल मालाएं पहनाई गईं, स्वागत गीत गाए गए और आंदोलनकारियों का उत्साह बढ़ाया गया। लोगों ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस जनसमर्थन से साफ हो गया है कि अब यह आंदोलन केवल कुछ गांवों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की सामूहिक आवाज बन चुका है।

## अरावली महत्व समझाने का अभियान

जनजागृति पदयात्रा का उद्देश्य केवल विरोध करना नहीं, बल्कि लोगों को अरावली पर्वत श्रृंखला के पर्यावरणीय महत्व के बारे में जागरूक करना भी है। आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को समझा रहे हैं कि– अरावली राजस्थान की जीवन रेखा है। यही पहाड़ बारिश का पानी रोकते हैं। यही जंगल जल स्रोतों को जीवित रखते हैं। खनन से पूरा पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो सकता है।

## परियोजना तुरंत निरस्त हो

अब जनता ने केवल सिरोही ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेशवासियों से अरावली बचाने के लिए सहयोग की अपील की है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सरकार ने यह परियोजना निरस्त नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियां उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। ग्रामीणों की एक ही मांग की। कमलेश मेटाकास्ट प्राइवेट लिमिटेड की प्रस्तावित खनन परियोजना को तत्काल रद्द किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि "अरावली को बचाना ही जीवन को बचाना है।" इसलिए क्षेत्रवासी इस संघर्ष को अंतिम दम तक जारी रखेंगे और किसी भी कीमत पर प्रकृति के विनाश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

### राजस्व मंत्री ने किया 'अपना खाता' मोबाइल ऐप का लोकार्पण

# नामांतरण, सीमाज्ञान, जमाबंदी सहित आवश्यक राजस्व सेवाएं मोबाइल पर ही होगी उपलब्ध

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमंत मीणा ने मंगलवार को 'अपना खाता' मोबाइल ऐप लांच किया। शासन सचिवालय में एक कार्यक्रम में उन्होंने इसे लांच करने के बाद बताया कि इसके माध्यम से नागरिक 'अपना खाता' पोर्टल की राजस्व सेवाओं का लाभ अपने मोबाइल फोन के माध्यम से ही प्राप्त कर सकेंगे। ऐप के जरिए नामांतरण, सीमाज्ञान, सहमति विभाजन, विभिन्न प्रकार की नकलें, जमाबंदी एवं मानचित्र से संबंधित जानकारी, आवेदनों की स्थिति, गैर-राजकीय प्रतिबंधित भूमि की रिपोर्ट, विभागीय परिपत्र एवं गिरदावरी से जुड़ी सेवाएँ मोबाइल फोन पर उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के विधायकों के साथ सहभागिता बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा विधायकों के साथ उनके क्षेत्रों से जुड़े राजस्व संबंधी विषयों, जनहित के मुद्दों और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधायकों द्वारा उठाए गए मामलों का प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें ताकि आमजन को समयबद्ध राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि राजस्व सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल एवं डिजिटल बनाने की दिशा में विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विधायकों से प्राप्त सुझावों पर सकारात्मक कार्य कर उन्हें अमल में लाया जाएगा।

# आरएसजीएल द्वारा हरित उर्जा को बढ़ावा देने के लिए जागरुकता अभियान, सीएनजी पीएनजी सुविधाओं का होगा विस्तार

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड द्वारा प्रदेश में हरित उर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए अवेयरनेस अभियान शुरु किया गया है। आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 31 मार्च तक संचालित किया जाएगा। सिंह ने हाईब्रिड मोड़ पर आयोजित बैठक में फील्ड अधिकारियों को अधिक से अधिक नागरिकों को सीएनजी पीएनजी की उपयोगिता बताते हुए उन्हें सीएनजी-पीएनजी सेवाओं से जोड़ने के समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक रणवीर सिंह ने बताया कि भारत सरकार के पीएनजीआरबी द्वारा प्रदूषण मुक्त, सस्ती हरित उर्जा की सहज पहुंच बनाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया जा रहा है। आरएसजीएल द्वारा कूकस और नीमराना में सीएनजी के उपयोग बढ़ाने और कोटा, श्योपुर-ग्वालियर में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस और पाईप्ड नेचुरल गैस के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अभियान शुरु कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक गैस सस्ती, सुरक्षित होने के साथ ही पाइपलाइन के माध्यम से सहजता से उपलब्ध है। आरएसजीएल के उप महाप्रबंधक विवेक श्रीवास्तव और विवेक रंजन ने बताया कि सीएनजी पीएनजी के उपयोग के लिए जहां आम नागरिकों को जागरुक किया जा रहा हैं। वहीं कोटा में पीएनजी कनेक्शनों के लिए जागरुकता अभियान के तहत आधारभूत संरचना विकसित क्षेत्रों में मौहल्लों में बारी बारी से शिविर लगाकर प्रेरित किया जा रहा है।




## 5 हज़ार राशन दुकानों पर अन्नपूर्णा भंडार खुलेंगे, 3 को बैठक में लेंगे सुझाव

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में अल्प आय वर्ग के परिवारों को रोजमर्रा की आवश्यकता का सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने हेतु 5 हज़ार उचित मूल्य दुकानों पर अन्नपूर्णा भंडार खोले जाने प्रस्तावित है। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के सानिध्य में उत्पादों के राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के उत्पादकों एवं एग्रीगेटर्स के सुझाव आमंत्रित करने हेतु महत्वपूर्ण बैठक आगामी 3 फ़रवरी को प्रातः 11.30 बजे निगम मुख्यालय, जयपुर मे आयोजित की जाएगी। राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड ने एफएमसीजी उत्पादों के सभी एग्रीगेटर्स एवं उत्पादकों को अपने सुझाव उपलब्ध कराने हेतु बड़ी संख्या में बैठक में भाग लेने का आव्हान किया है। अधिक जानकारी हेतु एफएमसीजी उत्पादों के एग्रीगेटर्स एवं उत्पादक निगम मुख्यालय के दूरभाष नं 0141-2744484 पर संपर्क कर सकते हैं।

## गणतंत्र दिवस पर अभिनव पहल, स्वास्थ्य भवन में ग्रैटीट्यूड ट्री का शुभारम्भ

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में ग्रैटीट्यूड ट्री के रूप में एक अनूठी पहल की गई। यह पहल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने और कार्यालय में सकारात्मक माहौल की सोच के साथ शुरू की गई है। स्वास्थ्य भवन परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह में निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निदेशक आरसीएच डॉ. मधु रतेश्वर एवं निदेशक एड्स डॉ. सुशील परमार ने मानसिक स्वास्थ्य हेतु ग्रैटीट्यूड ट्री जैसी सकारात्मक पहल का शुभारम्भ किया। ग्रैटीट्यूड ट्री का उद्देश्य स्वास्थ्य भवन में एक सकारात्मक और भावनात्मक वातावरण को बढ़ावा देना है, जो हमारे जीवन मूल्यों एवं भारतीय संस्कृति को दर्शाता है। यह स्वास्थ्य कर्मियों को सकारात्मकता और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करने एवं माइंडफुलनेस विकसित करने में सहायक होगा।

निदेशक जनस्वास्थ्य ने कहा कि कृतज्ञता का भाव बेहद प्रभावी होता है। इससे सहयोगात्मक एवं स्वस्थ माहौल का निर्माण होता है। कार्यशैली बेहतर होती है। कार्मिकों के बीच व्यवहार अच्छा होने के साथ ही उनकी कार्यकुशलता एवं कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अन्य कार्यालयों में भी इस पहल को अपनाया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य डॉ. प्रवीण असवाल, अतिरिक्त निदेशक अस्पताल प्रशासन डॉ. नरोत्तम शर्मा, अतिरिक्त निदेशक आरसीएच डॉ. जोगेश्वर प्रसाद, राज्य नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ एसएम स्वामी सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारी मौजूद रहे।
















संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039 समाचार संपादक- चेतेन्द्र कुमार मिश्रा

### गृह राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम ने अलवर के टहटडा व दौरोली में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में की शिरकत

# धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम एकता, बंधुत्व व आपसी भाईचारे को देते हैं मजबूती- बेढम



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने मंगलवार को अलवर जिले की रैणी तहसील के टहटडा में बालाजी बाबा के पावन धाम पर 51 फुट विशाल ध्वजारोहण एवं भव्य ढ़ाचा दंगल समारोह तथा ग्राम दौरोली में आयोजित धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत की। बेढम ने उपस्थित श्रद्धालुओं को कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में हमारी संस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता की जीवंत झलक देखने को मिलती है। इस प्रकार के आयोजन न केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक हैं बल्कि सामाजिक समरस्ता, सांस्कृतिक गौरव और जन-जन के विश्वास का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का स्नेह, अपनत्व और विश्वास ही मेरी जन सेवा की सबसे बड़ी प्रेरणा है। जनसेवा, जनसंवाद और जनकल्याण का यह क्रम निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना है कि देश के विकास के साथ-साथ हमारी संस्कृति व विरासत का संरक्षण जरूरी है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास की दिशा में आगे बढकर काम कर रही है।

# ओझा, आफरीदी, बोलिया, आशा को भारतीय पत्रकारिता साहित्य शिरोमणि सम्मान

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** श्याम राय भटनागर पत्रकारिता साहित्य शोध संस्थान एवं लास्ट टर्मिनल मीडिया समूह की ओर से गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पत्रकारिता, साहित्य एवं लेखन की विभिन्न विधाओं में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वाले वरिष्ठ लेखक और पत्रकार बालमुकुंद ओझा, लक्ष्मण बोलिया, फारुख अफरीदी, आशा पटेल और एल सी भारतीय को साफा, शाल, प्रतीक चिन्ह और श्री फल प्रदान कर पत्रकारिता साहित्य शिरोमणि सम्मान से अलंकृत किया गया। प्रेस क्लब, जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक गोपाल शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार नन्द भारद्वाज, सत्री सेबेस्टियनी, शिक्षाविद सुनील शर्मा, प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा महामंत्री मुकेश चौधरी ने वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया। वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानी श्याम राय भटनागर के जीवन पर प्रकाश डाला। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा पत्रकारिता परेशानी की पगडंडी है, सुविधा की सड़क नहीं है। उन्होंने कहा सत्ता पत्रकारिता की पक्षधर नहीं हो सकती। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक अशोक भटनागर ने आयोजन विषयक जानकारी दी और संस्थान सचिव आभास भटनागर ने स्वागत किया। संचालन मणिमाला शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लेखक, साहित्यकार और पत्रकार उपस्थित थे।

## एनसीआर और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक- अध्यक्ष, सीएक्यूएम ने ली राज्य के विभिन्न विभागों की बैठक

**जयपुर।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल मुख्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान वायु प्रदूषण नियंत्रण, प्रबंधन व अन्य पर्यावरणीय उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में सीएक्यूएम व राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। सीएक्यूएम के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि एनसीआर राजस्थान के अंतर्गत आने वाले अलवर, भरतपुर एवं भिवाड़ी क्षेत्रों के लिए कि हमें भविष्य को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना बनानी होगी। वर्मा ने मीयावाकी तकनीक से पौधारोपण करने, पब्लिक ट्रांसपोर्ट के उपयोग को बढ़ाने एवं सफाई में तकनीक के उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने अलवर, भरतपुर एवं भिवाड़ी शहरों के वार्षिक सिटी एक्शन प्लान पर चर्चा करते हुए उद्योगों में ऑनलाइन कंटीन्यूअस एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम (ओसीइएमएस) एवं एयर पॉल्यूशन कंट्रोल डिवाइसेस (एपीसीडी) की स्थापना करने के लिए निर्देशित किया, इससे औद्योगिक इकाइयों द्वारा प्रदूषण मानकों के अनुपालन एवं निगरानी व्यवस्था को और अधिक

### सिंगर मनु गहलोत का गणतंत्र दिवस पर वतनपरस्ती गाना डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मचा रहा धूम



**जयपुर @ जागरूक जनता।** गणतंत्र दिवस को लेकर सिंगर मनु गहलोत की आवाज में मर्मस्पर्शी देशभक्ति गाना तिरंगा हमारा लहराता रहे...सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शनिवार को रिलीज हो गया, जिसे संगीतप्रेमी खूब पसंद कर रहे हैं। सिंगर मनु गहलोत ने बताया कि इस वीडियो गीत में देश के आन, बान और शान तिरंगे की तीनों रंगों की महिमा का गुणगान करते हुए इसे गगन को छूते हुए भावों के साथ दर्शाया गया है जो अद्भुत और अविस्मरणीय है। इस गीत को अपनी मधुर आवाज में पिरोने वाली मनु गहलोत ने देशभक्ति से ओतप्रोत इसके बोल भी खुद ने ही लिखे हैं, जो दिलों में देश के प्रति फौलादी जज्बा बढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि बचपन से ही उनकी संगीत में गहरी रुचि रही है। शब्दों की गहरी समझ रखने वाली मनु ने बताया कि गीतों के भाव ही देश और समाज को एक सूत्र में पिरोते हैं। इस गीत में सेना का वतनपरस्ती हौसला, लोगों की देश के प्रति समर्पण भाव आदि दृश्य बेहद लुभावने हैं। गौरतलब है कि लिरिसिस्ट और सिंगर मनु गहलोत ने इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर पर भी सेना की गौरव गाथा को अपनी पुरकशिश आवाज़ में पिरोया था जो सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर काफी सराहा गया।

### जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने किया भारत विकास परिषद के दिव्यांग शिविर के पोस्टर का विमोचन



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** भारत विकास परिषद शाखा चित्तौड़गढ़ द्वारा आयोजित होने वाले तीन दिवसीय दिव्यांग शिविर के पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर आलोक रंजन द्वारा किया गया। यह शिविर दिनांक 22 फरवरी से 24 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। शाखा अध्यक्ष महेश नवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर एवं महाराणा प्रताप भारत विकास चेरिटेबल संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दौरान 12वां कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण एवं दिव्यांग उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। यह शिविर जैन गुरुकुल धर्मशाला, स्टेशन रोड, चित्तौड़गढ़ में आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के अवसर पर भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयोजक कमल जैन, पूर्व अध्यक्ष व शाखा संरक्षक डा आई.एम. सेठिया, शाखा अध्यक्ष महेश नवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष बालकृष्ण धूत, प्रांतीय संयोजक नवीन वर्डिया, कोषाध्यक्ष राजेश खंडेलवाल सहित परिषद के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने भारत विकास परिषद द्वारा किए जा रहे इस सेवा कार्य की पूरी जानकारी लेकर सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

# बरखेड़ा मण्डल में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**अलवर।** बरखेड़ा मण्डल के गांव जमालपुर में निर्वाण एकेडमी के खेल मैदान में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। भव्य यात्रा गाँव के मुख्य मार्गो से निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मोजीराम जी वाल्मीकि ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता-पिता के साथ भारत माता की सेवा में प्रत्येक व्यक्ति को समर्पित भाव से काम करना चाहिए साथ ही गौ माता की सेवा से ही हमारा उद्धार हो सकेगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अलवर विभाग के सहविभाग कार्यवाह सुनील कुमार गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हिन्दू समाज को एकजुट और संगठित करने के उद्देश्य से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने पंच परिवर्तन - सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक कर्तव्य पर बल देते हुए लोगों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प दिलवाया। उन्होंने प्रभु श्रीराम का उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन में राम की तरह त्याग का भाव रख हमेशा परिवार, समाज और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। आज हमे संगठित रहने की आवश्यकता है ताकि हमारी परिवार व्यवस्था बनी रहे। हिन्दू समाज अपने मध्य व्याप्त समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही करे और समाज एकजुट होकर सशक्त बने। इस दौरान मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के अंतर्गत आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा आयोजित अद्वैत युवा जागरण शिविर, 2026 के पोस्टर का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। ये शिविर युवाओं को आध्यात्मिक और संस्कृति से जोड़ने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई तथा संघ साहित्य की बिक्री के लिए स्टॉल भी लगाई गई। इस दौरान पूरा वातावरण भारत माँ के जयकारों से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती कर सभी को अल्पाहार वितरित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम के दौरान आसपास के गाँवों के हिन्दू समाज के महिला पुरुष व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम की प्रस्तावना सह पर्यावरण संयोजक नरेश कुमार चौधरी ने व मंच संचालन अजीत यादव एडवोकेट सह खंड कार्यवाह मालाखेड़ा ने किया। कार्यक्रम में केके शर्मा, प्रमोद शर्मा, गिरिराज चौधरी, ओमप्रकाश सैनी बरखेडा, रामस्वरूप चौधरी, मदन बेरवा, गणपत सिंह राठौड़, नारायण प्रजापत, इंद्रजीत सिंह, छज्जू सिंह, प्रभु सिंह, सहदेव सिंह, प्रभु दयाल जी गुर्जर बिलंदी का भी विशेष सहयोग रहा।

# अग्र गौरव सम्मान से सम्मानित श्रीरत्न मोहता, उदयपुर, बने समाज में मिसाल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**जयपुर।** देश समाज और परिवार के सर्वांगीण विकास की सोच रखते हुए अपने जीवन के प्रत्येक पल को सेवा के लिये सर्मपित कर देने वाले प्रेरक लोकोपकारी व्यक्तित्व है उदयपुर निवासी श्रीरत्न मोहता।

बीकानेर राजघराने द्वारा दीवान मोहता की उपाधि से अंलकृत ज्योतिष के प्रकाण्ड पण्डित दीवान चम्पालाल मोहता के पौत्र एवं समाज विभुति चान्दरतन मोहता के पुत्र श्रीरत्न मोहता ने जीवन में प्रारम्भिक काल से ही सेवा से ओतप्रोत संस्कारो को आत्मसात करना प्रारम्भ कर अपने जीवन को आदर्श स्वरूप में स्थापित करना प्रारम्भ कर दिया। राजस्थान स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक रह चुके मोहता की बचपन से ही सांस्कृतिक धार्मिक सामाजिक रूचिया रही हैं। प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पण्डित विद्याधर ने इनकी पुजनीया माताश्रीमती गोदावरी देवी मोहता के गर्भ में ही इनका नाम भगतरख दिया था। बचपन में इनके निवास पर होने वाली 2 घन्टे की पूजा में मात्र 6 माह की अवस्था में ही प्रतिदिन चुपचाप बैठे रहना उनके इस नाम को सार्थकता प्रदान कर रहा था। विद्यालय में रामचरित मानस की चौपाइयां-दोहो पर होने वाली अंताक्षरी में विजेता रहने वाले मोहता सन् 2008 से स्वतन्त्रता दिवस और गणतन्त्र दिवस के दिन अपने मस्तक पर मेरा भारत महान एवं गालो पर तिरंगा बनवाकर शहर घूमते हैं, कार्यॡ मों में जाते है तथा लोगो को प्रेरित करते है कि इन दिवसो को त्यौंहार जैसे मनाये तथा हर कार्यॡ म के पश्चात राष्ट्रगान अवश्य गाये। 27 दिसम्बर 2011 को गुरूदेव रविन्द्र नाथ टेगौर द्वारा रचित राष्ट्रगान के 100 वर्ष पुर्ण हुए थे मोहता उसी दिन से प्रतिदिन कम से कम एक बार राष्ट्रगान अवश्य गाते हैं। मोहता हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने, शाकाहार अपनाने, बिजली पानी के अपव्यय को रोकने, दुर्घटना से बचाव हेतु सड़क पर पड़े पत्थर, बजरी आदि को हटाने, वाहन चलाते हुए मोबाइल पर बात ना करने आदि के बारे में स्वयं तो पूरा ध्यान रखते ही है अन्य लोगो को भी प्रेरित करते हैं। मंच संचालन एवं विवाह समारोह की संगीत संध्या के संचालन की निःशुल्क सेवायें भी मोहता द्वारा दी जाती हैं।

सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिये कथनी और करनी में समानता रखने वाले मोहता के पूज्य पिताचान्दरतन मोहता ने वर्ष 1938 मे केवल 11 बारातियों के साथ कोलकात्ता से सांभर आकर बिना पर्दे एवं बिना दहेज के अनुकरणीय विवाह करके पूरे समाज को सन्देश दिया गया था। स्वयं मोहताने वर्ष 1986 में अपने पूज्यनीय माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हुए बिना दहेज असमय विधवा हुई युवती से विवाह करके समाज को एक सन्देश दिया जिसकी भूरी-भूरी प्रंशसा करते हुए तत्कालीन राज्यपाल महामहिम बंसत दादा पाटिल, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हीरालाल देवपुरा, कई मंत्री सर्वप्रिय नेता सिद्दराज दड्डा, प्रकाश सुराणा व प्रख्यात उद्योगपतियों आदि ने उपस्थित होकर वर-वधु को अपना शुभाशीर्वाद प्रदान किया था।

राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के तत्कालीन अध्यक्ष के सामाजिक सचिव, महेश सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष, लॉयन्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष, भारत विकास परिषद के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य, वैश्य संस्थान समन्वय परिषद के जिला संयोजक, अन्तरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, मरूधर समाज जोधपुर एसोशियेशन के आजीवन सदस्य, मणि मुक्ता महिला पत्रिका के मानद सम्पादक मोहता ने अब तक 13000 से अधिक तिरंगे वितरित किये है। वृन्दावन, मथुरा, सिंगापुर, बैकांक, दिल्ली, सूरत, अहमदाबाद, बडौदरा, जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, श्रीचारभुजाजी, भुवनेश्वर, कटक, इन्दौर, काशी, प्रयागराज, भीलवाड़ा, भगवानपुरा, श्रीनाथद्वारा जैसे शहरो और गांवो में उन्होंने तिरगा बांटा है। सामान्य व्यक्ति से लेकर प्रशासन, पुलिस और राजनेताओं तक सभी को उन्होंने तिरंगा भेंटकर देशप्रेम का संदेश दिया है। विशेष रूप से प्रवासी भारतीय सम्मेलनो में वर्ष 2019, 2021 एवं 2025 में 300 से अधिक प्रवासी भारतीयों व अन्यों को तिरंगा देकर उन्होंने भारत की शान को वैश्विक मंच पर पहुंचाया। आपने 12 मार्च 2021 से जब भारत सरकार ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ की शुरूआत की तब से प्रतिदिन कम से कम दो व्यक्तियों को तिरंगा देना शुरू किया जो 2 अगस्त 2022 तक निर्बाध रूप से चला। इसके बाद 15 अगस्त 2021 से शुरू हुए अमृत महोत्सव के तहत उन्होंने प्रतिदिन कम से कम तीन व्यक्तियों को तिरंगा देना शुरू किया जिसके लिये आपका जिला स्तर पर सम्मान किया गया। 15 अगस्त 2023 को 76 15अगस्त 2024 को 77 तथा 15 अगस्त 2025 को एक ही दिन में 78 लोगो को तिरंगा बैज भेंट किया।

अपने मिलने वालो में सुदामा नाम से विख्यात मोहताके सेवा कार्य भी अनुठे हैं वर्ष 2005 में सड़क पर मिला स्वर्णाभूषणों से भरा बैग 3 घण्टों के अथक प्रयासों के बाद ब्राह्मण परिवार तक पहुंचाया। सन् 2006 में सड़क पर मिले बैंक कर्मचारी के हजारों रुपये के गहने उन तक पहुंचाये। सन् 2006 में ही भारी स्वर्ण कर्ण-फूल डॉक्टर साहिबा तक पहुंचाया। 1 मई 2014 में सड़क पर मिले 27000 रुपये, 7 हजार रुपये मासिक की प्राइवेट नौकरी करने वाले सेन समाज के व्यक्ति को लौटाये। इसके लिए महेश नवमी के शुभ अवसर पर राजस्थान सरकार की तत्कालीन कैबिनेट मिनिस्टर किरण माहेश्वरी ने सम्मानित किया। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर स्वच्छता के कार्यों में विशेष रुचि लेना प्रारंभ किया। उसी वर्ष दिसम्बर 2014 में एक विवाह समारोह में स्वच्छता का ध्यान रखते हुए सफाई के दौरान मिली 5 तोले सोने की पायजेब (जैन समाज) को राजस्थान पत्रिका के कार्यालय में जाकर लौटाई। इसके लिये अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन के चारभुजा भवन में पूजनीय भगवान महेश परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों के बीच तत्कालीन कैबिनेट मंत्री श्रीमती किरण माहेश्वरी ने कहा, मुझे गर्व है कि श्रीरत्न मोहता जैसे ईमानदार व्यक्ति हमारे समाज से हैं। इसके लिए जगद्गुरु अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के शाहपुरा पीठाधीश्वर 1008 रामदयाल महाराज ने मस्तक पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। सन् 2015 में स्कूल की प्रधानाध्यापिका का बैग जिसमें स्कूल की चाबियां पहचान पत्र कार्ड, रुपये आदि थे, सड़क पर मिला था, वह उनके निवास पर जाकर लौटाया। सन् 2015 में ही 7000 रुपये का कानों का झुमका राठौड़ परिवार को लौटाया। इसी प्रकार 2 बार सोने के आभूषणों से भरे डिब्बे 2 परिवारों को लौटाये जाने में बड़ा सहयोग दिया। उदयपुर के अलावा भीलवाड़ा जयपुर, बड़ौदा, दिल्ली वाराणसी एवं अन्य जिन शहरों में जाते हैं, वहां एवं रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड पर स्वच्छता का ध्यान रखते हैं विदेशों में सिंगापुर एवं बैंकॉक में भी इन्होंने सफाई की है। 2018 में रात्रि में पटेल सर्किल पर बैग मिला, जिसमें बिल बुक्स आदि थे। वे फोन करके दूसरे दिन लौटाए। 2018 में ही हस्ताक्षर किए खाली चेक गिरे हुए मिले, वे भी उसे ढूंढ़कर लौटाये। भारत सरकार द्वारा कई वर्षों बाद 2015, 2016, 2017, 2018 में प्रिंट किए गए 1 रुपये के 10000 के लगभग नोट 2000 ठाकुरके मंदिरों में एवं लगभग 8000 लोगों, जैसे मजदूरों, बच्चों, महिलाओं, कुलियों, बड़ों अप्रवासी भारतीयों आदि को उनके अच्छे की कामना के साथ उपहार स्वरूप दिए। मोहता की अनेक वर्षों की निःस्वार्थ समाज सेवा एवं जन चेतना जागृत करने हेतु निरन्तर प्रयासरत रहने पर गणतंत्र दिवस पर सन् 2004 में जिला स्तर पर उदयपुर में तत्कालीन सार्वजनिक निर्माण मंत्री एवं वर्तमान राज्यपाल माननीय गुलाबचन्द कटारिया द्वारा इन्हें सम्मानित किया गया है। इंटक के 65 वें स्थापना दिवस पर 3 मई 2012 को जयपुर में राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री महोदय अशोक गहलोत द्वारा स्वतंत्रता सेनानी शान्ता देवी त्रिवेदी पत्रकार सम्मान से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति भवन में माननीय शेखावत साहब द्वारा शॉल ओढ़ाए जाने को मोहता स्वयं के लिए एक गौरव भरा अनूठा पल बताते हैं। विशेष बात यह है कि पिछले 5 वर्षों से प्रतिदिन एक नए व्यक्ति को तिरंगा दे रहे हैं और भारत माता की जय बोलते हैं, इसके लिए उनका विश्व रिकॉर्ड बन गया है। पिछले 5 वर्षों से प्रतिदिन एक नए व्यक्ति को मतदान की शपथ दिलवाते हैं। पिछले तीन वर्षों से प्रतिदिन राष्ट्रगान गाते हैं और पिछले दो वर्षों से प्रतिदिन राष्ट्र गीत गाते हैं। तिरंगे के लिए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल महासम्मेलन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं रोटरी क्लब मीरा द्वारा उनको सम्मानित किया गया है। बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी श्रीरत्न मोहता अपने विराट अनुभवो से समाज व राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में निरन्तर सक्रिय रहे अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

